न्यायालय- वाणिज्यिक न्यायालय संख्या 01, मेरठ।

निष्पादन वाद संख्या 16/2024

शिवलिक स्माल फाइनेंस बैंक बनाम ब्रजभूषण और अन्य

दिनांकः 05-02-2026

पत्रावली पेश हुई। डिक्रीदार उपस्थित। निर्णीतऋणी ब्रजभूषण की ओऱ से कोई उपस्थित नहीं है।

निस्तारण प्रार्थना पत्र कागज संख्या 25क

प्रार्थना पत्र कागज संख्या 25क डिक्रीदार द्वारा मय शपथपत्र अन्तर्गत आदेश 6 नियम 17 सी.पी.सी. संशोधन हेतु दिया गया है। डिक्रीदार का कथन है कि निर्णीतऋणी संख्या 2 श्रीमती अटोरी देवी की मृत्यु हो चुकी है। अतः निष्पादन प्रार्थना पत्र संशोधन करने की अनुमति दी जाये तथा डिक्रीदार के हेड आफिस का पता भी बदल गया है उसको भी संशोधित करने की अनुमति डिक्रीदार द्वारा चाही गयी है।

प्रार्थना पत्र के साथ निर्णीतऋणी संख्या 2 श्रीमती अटोरी देवी का कोई मृत्यु प्रमाणपत्र संलग्न नहीं किया गया है। निर्णीतऋणी द्वारा दिनांक 24-07-2025 को पत्रावली पर सूचना दी गयी कि निर्णीतऋणी संख्या 2 अटोरी देवी की मृत्यु हो चुकी है। इसी पृष्ठांकन के आधार पर ही डिक्रीदार द्वारा यह प्रार्थना पत्र दिया गया है। प्रार्थना पत्र 25क स्वीकार किये जाने योग्य है।

आदेश

प्रार्थना पत्र 25क स्वीकार किया जाता है। डिक्रीदार प्रार्थना पत्र कागज संख्या 25क के प्रकाश में निष्पादन प्रार्थना पत्र में आवश्यक संशोधन एक सप्ताह के अन्दर करे। पत्रावली दिनांक 06-03-2026 को पेश हो।

पीठासीन अधिकारी
वाणिज्यिक न्यायालय सं० 1,
मेरठ।

Digitally signed by Kshitij Kumar Srivastava
Date: 2026.02.05 16:56:25 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court